राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(9)RSMSSB/अर्थना/कनि.अभि.(कृषि)/अनु. क्षेत्र/2015/372-73 दिनांक : 08.12.2015

कार्यालय आदेश

राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 एवं कृषि विभाग के अधीन जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के लिये राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम-1978 के अन्तर्गत कनि. अभियन्ता (कृषि) (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा-2015 की परीक्षा दिनांक 20.09.2015 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 30.09.2015 को जारी किया गया था। इस परीक्षा में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच कृषि विभाग द्वारा दिनांक 26.10.2015 को की गई थी जिसमें 09 अभ्यर्थी पात्रता की जाँच के दौरान अनुपस्थित रहे हैं। अनुपस्थित रहे 09 अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए एवं आरक्षित सूची से अस्थाई रूप से चयनित 01 अभ्यर्थी की पात्रता की जांच मूल दस्तावेजों से की जानी है। अतः इस प्रकार निम्नलिखित 10 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 14.12.2015. को प्रातः 10.00 बजे **कमेटी रूम, प्रथम तल, पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें।

क.स.	दिनांक	अभ्यर्थियों के रोल नम्बर
1.	14.12.2015	100002, 100014, 100019, 100024, 100021, 100007, 100031, 100011, 100015 (Absent Candidates) 100013 (Reserve Pick-up Candidate)

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :-

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कनि.अभियन्ता पद के लिये दिनांक 04.06.2015 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग-अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण-पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(आर0 के0 मीना)
अध्यक्ष